देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित www.page3news.in नगर संस्करण वर्ष 16 अंकः 113 पृष्ठ : 8 मूल्यः एक रूपए

रविवासरीय...लड़कियों को सपने पूरे करने दें



# पेज थ्री

देहरादून, रविवार, 1 अगस्त 2021



मौसम अधिकतम 29.0° न्यूनतम 24.0° | 42243.40 | **2** तानाशाह किम जोंग फिर से बीमार? | **7** शुरू से मैच विनर रही हैं वंदना

# केंद्र के सहयोग से उत्तराखण्ड में विकास को मिल रही गति

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण के लाभार्थियों को आवास स्वीकृति पत्र सौंपे

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण के अंतर्गत चिन्हित लाभार्थियों को आवास स्वीकृति पत्र सौंपे। सीएम कैम्प कार्यालय परिसर स्थित जनता दर्शन हॉल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने प्रदेश के लाभार्थियों को प्रथम किश्त की राशि डीबीटी द्वारा ऑनलाईन जारी की। उन्होंने कार्यक्रम में सौ से अधिक लोगों को आवास स्वीकृति पत्र वितरित किए।

मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण में प्रदेश के लाभार्थियों को आवास बन जाने के बाद सामान आदि के लिए पांच–पांच हजार रूपए दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सबका साथ– सबका विकास– सबका विश्वास के ध्येय वाक्य के साथ सरकार नहीं बल्कि साझेदार के तौर पर काम कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री का उत्तराखण्ड से विशेष लगाव है। केंद्र सरकार के सहयोग से राज्य में अनेक महत्वपूर्ण विकासपरक योजनाएं चल रही हैं। सड़कों के क्षेत्र में अभूतपूर्व काम हुआ है। जल्द ही देहरादून से दिल्ली केवल दो घंटे में जा पाएंगे। चार धाम परियोजना, भारतमाला परियोजना से विकास को नई गति मिल रही है। रेलवे का काफी विस्तार हुआ है। ऋषिकेश–कर्णप्रयाग रेल पर तेजी से काम हो रहा है। टनकपुर–बागेश्वर का सर्वे ब्राडगैज पर करने का केन्द्र से अनुरोध किया है।



### प्रधानमंत्री ने योजनाओं का लाभ गरीबों तक पहुंचाया

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की योजनाएं समाज में अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को सीधे लाभ पहुंचा रही है। पहले योजनाएं बनती थीं पर उसका लाभ पात्र लोगों तक नहीं पहुंचता था। परंतु प्रधानमंत्री ने दूरदर्शिता के साथ पहले सभी के जनधन योजना में खाते खुलवाए और अब उन खातों में डीबीटी द्वारा योजना की राशि सीधे लाभार्थी को दी जा रही है। स्वच्छ भारत मिशन, उज्जवला योजना, किसान सम्मान निधि आदि योजनाओं से करोड़ों भारतीयों को लाभ मिला है।

**जलजीवन मिशन से मिलेगा सभी को स्वच्छ पेयजलः** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि जलजीवन मिशन बहुत ही महत्वपूर्ण योजना है। इसमें हर घर को नल से जल पहुंचाने पर काम कर रहे हैं। राज्य में केवल एक रूपए में ग्रामीण घरों में पानी का कनेक्शन दे रहे हैं। स्वच्छ जल हर व्यक्ति को मिलना ही चाहिए और सरकार उसी दिशा में काम कर रही है।

उपरोक्त प्राप्त 16472 आवास के लक्ष्यों की पूर्ति हेतु राज्य को रूपये 226.99 करोड़ धनराशि की आवश्यकता होगी। वर्तमान में राज्य स्तर पर विगत अवशेष रू. 47.74 करोड़ एवं उक्त अवमुक्त रू. 39.32 करोड़ सहित कुल रु. 87.06 करोड़ की धनराशि उपलब्ध है। जिसे लाभार्थियों के खाते में आन–लाईन अवमुक्त किया जा रहा है।

### प्रति आवास 1 लाख 30 हजार की अनुदान राशि

अपर सचिव एवं आयुक्त ग्राम्य विकास सुश्री वंदना ने बताया कि पीएमवाई–जी के तहत नये आवासों के निर्माण हेतु प्रति आवास अनुदान राशि 130,000.00 अनुमन्य है। जिसका भुगतान तीन किश्तों में यथा प्रथम किश्त रु 60,000, द्वितीय किश्त रु 40,000 एवं तृतीय किश्त रु 30,000 को ऑन–लाईन सीधे पात्र लाभार्थी के बैंक खाते में किया जाता है। इसके अतिरिक्त मनरेगा से लाभार्थी स्वयं के आवास निर्माण में 95 दिवस की मजदूरी प्रति दिवस रू. 204 की दर से कुल रू0 19.380़– प्राप्त कर सकता है तथा मनरेगा/स्वजल से शौचालय निर्माण हेतु रू. 12,000– प्राप्त कर सकता है। इसके साथ ही लाभार्थी पेयजल सुविधा, उज्जवल गैस कनेक्शन विद्युत कनेक्शन की सुविधा भी प्राप्त कर सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### बाबुल सुप्रियो ने राजनीति छोड़ने का किया ऐलान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कोलकाता। नरेंद्र मोदी सरकार से इस्तीफा देने के बाद वरिष्ठ बीजेपी नेता बाबुल सुप्रियो ने फेसबुक पोस्ट लिखकर अपने दिल का दर्द जाहिर किया था। उस वक्त किसी ने नहीं सोचा होगा कि मन ही मन वह एक बड़ा फैसला ले चुके हैं। आखिरकार 31 जुलाई को एक और फेसबुक पोस्ट लिखकर सुप्रियो ने राजनीति छोड़ने का ऐलान कर दिया। उन्होंने लिखा–मैं तो जा रहा हूं, अलविदा। उन्होंने कहा कि वह एक महीने के भीतर अपना सरकारी आवास छोड़ देंगे।

### वाइस एडमिरल एसएन घोरमडे ने नौसेना के नए उप प्रमुख बने

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। वाइस एडमिरल एसएन घोरमडे ने शनिवार को वाइस एडमिरल जी अशोक कुमार के स्थान पर नौसेना स्टाफ के नए उप प्रमुख के रूप में पदभार ग्रहण कर लिया है। बता दें कि जी अशोक कुमार आज सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

# गोगरा और हॉट स्प्रिंग इलाकों से सैनिक हटाने पर है जोर

## भारत और चीन के बीच 12वें दौर की सैन्य वार्ता

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत और चीन शनिवार को सीमा विवाद को लेकर 12वें दौर की वार्ता हुई हैं। यह वार्ता कोर कमांडर स्तर की है और इसका आयोजन लद्दाख में चीन की तरफ स्थित माल्डो में किया गया है। सैन्य वार्ता की बातचीत के बारे में माना जा रहा है कि भारत को हॉट स्प्रिंग और गोगरा में सैनिकों की वापसी की प्रक्रिया पर सकारात्मक नतीजे की उम्मीद है।

भारत और चीन के बीच वास्तविक नियंत्रण रेखा को लेकर विवाद है। पिछले दौर की वार्ता 9 अप्रैल को हुई थी। भारत ने तब स्पष्ट कर दिया था कि सीमा पर तनाव को कम करने के लिए यह जरूरी है कि चीन उन सभी इलाकों से पीछे हट जाए जिसे दोनों देश विवादित मानते हैं। बता दें कि पूर्वी लद्दाख में

### अभी तक 11 दौर की सैन्य वार्ता हुई

अभी तक दोनों पक्षों के बीच 11 दौर की सैन्य वार्ता हुई है और इससे पैगोंग लेक के दोनों तरफ के इलाकों से सैनिकों की वापसी में मदद भी मिली है। इस बार तकरीबन साढ़े तीन महीने बाद बैठक हो रही है और इस देरी के पीछे वजह यह है कि चीन की तरफ से लगातार आनाकानी की जा रही है। फरवरी 2021 में पैगोंग लेक के पास से चीनी सैनिकों की वापसी के बाद से चीन का रवैया बदला हुआ है।



वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के कुछ हिस्सों से इस साल फरवरी में सैनिकों की वापसी के बाद से चीन का रवैया बदल गया है। वह बाकी के हिस्सों से अपने सैनिकों को हटाने में दिलचस्पी नहीं दिखा रहा है। इसको लेकर दोनों देशों के बीच तनाव का माहौल है। आज होने वाली कोर कमांडर स्तर की वार्ता में यह मुद्दा भी उठाया जाएगा। गौरतलब है कि चीन ने मई, 2020 में एलएसी का उल्लंघन किया था। तनाव बढ़ने के बाद दोनों देशों के बीच कूटनीतिक व सैन्य स्तर की वार्ता शुरू हुई थी। 25 जून, 2021 को दोनों देशों के विदेश मंत्रालयों के बीच बात हुई थी और यह तय किया गया था कि जल्द ही वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों की अगली बैठक होगी।

# आप व्यवस्था को बदलें या व्यवस्था आपको, यह इरादों पर है निर्भर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 2019 बैच के आईपीएस प्रोबेशनर्स के साथ संवाद खत्म हो गया है। पीएम मोदी द्वारा कार्यक्रम में मौजूद अधिकारियों से बातचीत की गई। पीएम ने एक–एक कर सभी अधिकारियों से बात करते हुए देश में पुलिस व्यवस्था को बेहतर बनाने की दिशा में अपना संबोधन दिया। पीएम मोदी वर्चुअली सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी में भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के प्रशिक्षुओं अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर गृह मंत्री अमित शाह और गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय भी वर्चुअली साथ जुड़े रहे। प्रधानमंत्री बोले, आम नागरिकों में पुलिस की नकारात्मक धारणा एक बड़ी चुनौती है। COVID की शुरुआत में, यह धारणा थोड़ी बदल गई थी क्योंकि पुलिस गरीबों और जरूरतमंदों की मदद कर रही थी। हालांकि, यह धारणा नकारात्मक ही बनी हुई है। यह सुनिश्चित करना पुलिस की नई

### संवाद

■नए आईपीएस अफसरों को पीएम मोदी ने दिया मंत्र

पीढ़ी की जिम्मेदारी है कि यह धारणा बदल जाए। पीएम ने कहा, बीते वर्षों में पुलिस फोर्स में बेटियों की भागीदारी को बढ़ाने का निरंतर प्रयास किया गया है। हमारी बेटियां पुलिस सेवा में दक्षता और जवाबदेही के साथ विनम्रता, सहजता और संवेदनशीलता के मूल्यों को सशक्त करती हैं।

प्रधानमंत्री बोले– कोरोना के खिलाफ लड़ाई में हमारे पुलिसकर्मियों ने, देशवासियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम किया है। इस प्रयास में कई पुलिस कर्मियों को अपने प्राणों की आहूति तक देनी पड़ी है। मैं उन्हें श्रद्धांजलि देता हूं और देश की तरफ से उनके परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट करता हूं। इसलिए आपको एक मंत्र याद रखना है। फील्ड में रहते हुए आप जो भी फैसले लें, उसमें देशहित होना चाहिए, राष्ट्रीय परिपेक्ष्य होना चाहिए।

**Are you Planning to make a Website or already have ?**
*If yes, then we are here to serve you*
What we do
Website Development: All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding: 1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries) 2. Social Media 3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation: A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly. You tell us, we do it.
Contact: **Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# नए मामलों में नहीं दिख रही अधिक गिरावट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत में लगातार नए मामले 40,000 से ऊपर ही दर्ज किए जा रहे हैं। देश में फिलहाल दूसरी लहर ही पूरी तरह से समाप्त नहीं हुई है और तीसरी लहर का अंदेशा जताया जा चुका है। पिछले कुछ दिनों पहले कोरोना के नए मामले 29,000 की लाइन में पहुंच गए थे, लेकिन इसके बाद फिर मामले

### पिछले घंटों में 41,649 केस हुए रिपोर्ट, 593 मौतें भी दर्ज

40 हजार से ऊपर दर्ज किए जा रहे हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, भारत में पिछले 24 घंटों में 41,649 नए कोविड–19 मामले दर्ज किए गए हैं।

इस दौरान 37,291 लोग कोरोना से रिकवरी भी किए हैं। साथ ही पिछले घंटों 593 मौतें भी दर्ज की गई है। यहां यह समझना भी बेहद जरूरी है कि पूरे देश में सामने आ रहे कुल मामलों के आधे केवल केरल राज्य से ही दर्ज हो रहे हैं। यह पिछले कई दिनों से देखा जा रहा है। राज्य में कोविड–19 मामलों में वृद्धि के बीच एक केंद्रीय टीम तिरुवनंतपुरम भी पहुंच गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, भारत में अब कोरोना के कुल मामले 3 करोड़ 16 लाख 13 हजार 993 हो गए हैं।